**प्रेस विज्ञप्ति**

# ओडिशा सौर निवेशक सम्मेलन: इरेडा ने 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी दी; सीएमडी की राज्य को 10 गीगावाट अक्षय  ऊर्जा लक्ष्य के लिए समर्थन देने की प्रतिबद्धता

भुवनेश्वर, 23 दिसंबर 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं  प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने आज भुवनेश्वर में ग्रिडको द्वारा आयोजित ओडिशा सौर निवेशक सम्मेलन में विशेष संदेश  दिया।

श्री दास ने अक्षय ऊर्जा (आरई) परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए सुलभ वित्तपोषण की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने पूरी तरह से कागज रहित, डिजिटल और उधारकर्ता-अनुकूल संचालन के साथ प्रतिस्पर्धी वित्तपोषक के रूप में इरेडा की अनूठी स्थिति पर प्रकाश डाला, जोकि  हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए निर्बाध सपोर्ट  को बढ़ावा देता है।

इरेडा के सीएमडी ने ओडिशा के महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जिसमें राज्य ने वर्ष 2030 तक 10 गीगावाट क्षमता प्राप्त  करने का लक्ष्य रखा है। अपने समर्थन पर प्रकाश डालते हुए, इरेडा ने पहले ही ओडिशा भर में हरित ऊर्जा परियोजनाओंs के लिए 3,000 करोड़ रुपये से अधिक मंजूर किए हैं, जिसमें सौर, जलविद्युत, इथेनॉल और नवीकरणीय ऊर्जा विनिर्माण क्षेत्र शामिल हैं।

श्री दास ने ओडिशा की एक अग्रणी सौर ऊर्जा उत्पादक और सौर उपकरण विनिर्माण के केंद्र के रूप में उभरने की क्षमता पर भी प्रकाश डाला। इरेडा के राष्ट्रीय योगदान को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि कंपनी ने अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 2.08 लाख करोड़ से अधिक की मंजूरी दी है और 1.36 लाख करोड़ संवितरित किए हैं, जिससे स्वयं  को इथेनॉल, ईवी

फ्लीट फाइनेंसिंग, पंप स्टोरेज हाइड्रोपावर और ग्रीन अमोनिया आदि जैसी उभरती हुई आरई प्रौद्योगिकियों में बाजार निर्माण के लिए उत्प्रेरक के रूप में स्थापित किया है।

इरेडा के सीएमडी ने भारत के हरित ऊर्जा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता दोहराई, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा के लिए ऋण वित्तपोषण के क्षेत्र में 10-15% योगदान की परिकल्पना की गई है।